प्रेषक,

प्रतिभा सक्सेना II
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
विशेष न्यायाधीश, (पोक्सो अधि),
जनपद हाथरस।

सेवा में,

श्रीमान् संयुक्त निबन्धक (सेवाएं),
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा,

श्रीमान जनपद न्यायाधीश,
हाथरस।

विषय-वार्षिक स्थानान्तरण से उन्मुक्ति (स्टे) के विषय में।

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि प्रार्थिनी का वर्ष 2022 के वार्षिक स्थानान्तरण प्रक्रिया में जनपद हाथरस में तीन वर्ष पूर्ण होने पर स्थानान्तरण नियत है। प्रार्थिनी को पिछले काफी समय से पीठ एवं पैरों में दर्द की शिकायत है, प्रार्थिनी की सास जो कि कैंसर रोग से पीड़ित थीं और प्रार्थिनी के पास ही रहती थीं, उनका निधन दिनांक 05.11.2021 को हो गया है। सास की गंभीर बीमारी, पारिवारिक और न्यायिक कार्य की व्यस्तता के कारण प्रार्थिनी अपनी बीमारी के उपचार हेतु किसी चिकित्सक से संपर्क नहीं कर सकी और दर्दनिवारक गोलियों से ही न्यायिक कार्य एवं अन्य पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करती रही।

वर्तमान में जब प्रार्थिनी को बैठने और चलने-फिरने में असहनीय पीड़ा होने लगी तब प्रार्थिनी द्वारा दिनांक 27.11.2021 को जिला चिकित्सालय हाथरस में चिकित्सक को दिखाया गया, तब चिकित्सक द्वारा प्रार्थिनी के रीढ़ की हड्डी में Vertebra के किनारे के बड़े होने एवं नर्वस सिस्टम में समस्या होने का अनुमान किया गया और एक्स-रे एवं सी0 टी0 स्कैन की जॉच करायी गयी। (संलग्नक-1 व 2) प्रार्थिनी के सी0 टी0 स्कैन की जॉच में At L5-S1 level, diffuse disc bulge seen indenting thecal sac and causing mild narrowing of bilateral neural foramen का निष्कर्ष आया है। (संलग्नक-3)

प्रार्थिनी की जॉच के आधार पर चिकित्सक द्वारा प्रार्थिनी को फिजियोथैरेपी एवं अन्य दवाओं के साथ-साथ यात्रा न करने, पीठ के बल झुकने एवं भारी वजन इत्यादि न उठाने की सलाह दी गयी है। चिकित्सक द्वारा यह भी बताया गया है कि उक्त बीमारी का इलाज लम्बे समय तक चलेगा। उपरोक्त परिस्थिति में यदि वार्षिक स्थानान्तरण प्रक्रिया में प्रार्थिनी का स्थानान्तरण होता है तो इससे प्रार्थिनी को स्वास्थ्य लाभ हेतु चिकित्सक द्वारा दी गयी सलाहों का पालन करना मुश्किल हो जाएगा। यदि प्रार्थिनी का जनपद हाथरस से स्थानान्तरण एक वर्ष की अवधि हेतु उन्मुक्त कर दिया जाता है तो प्रार्थिनी को चिकित्सक की सलाहों के पालन एवं बीमारी के इलाज हेतु सुविधा रहेगी।

अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि प्रार्थिनी को जनपद हाथरस से वार्षिक स्थानान्तरण 2022 से एक वर्ष हेतु उन्मुक्ति प्रदान करने हेतु प्रार्थनापत्र माननीय न्यायालय के समक्ष कृपापूर्ण एवं सहानुभूतिपूर्ण विचारार्थ रखने की अनुकम्पा करें।

प्रार्थिनी माननीय न्यायालय की सदैव आभारी रहेगी।

सादर,

भवदीया

(प्रतिभा सक्सेना II)

दिनांक-29.11.2021

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
विशेष न्यायाधीश, (पोक्सो अधि),
जनपद हाथरस।
(जे0 ओ 0 कोड यू0 पी0 6223)

संलग्नक-
1.जिला चिकित्सालय, हाथरस के
ओ 0 पी0 डी0 की प्रति।
2.एक्स-रे प्लेट
3.सी0 टी0 स्कैन प्लेट एवं रिपोर्ट